मुझको मैया समझ ना आये,
कौन सा ऐसा करूँ उपाय,
मुझको तू बेटा बुलाने लगे,
मुझको तू बेटा बुलाने लगे,
मेरे घर भी तू आने जाने लगे।।

तर्ज एक तमन्ना माँ है मेरी।

कौन सा ऐसा काम करूँ जो,
तेरी नजरों में चढ़ जाए,
तेरे लाड़लो में एक मैया,
मेरा नाम भी जुड़ जाए,
मुझपे तू ममता लुटाने लगे,
मुझपे तू ममता लुटाने लगे,
मेरे घर भी तू आने जाने लगे।।

अवगुण और अज्ञान भरा है,
दिल में इसे मिटा दे तू,
आँखों के आगे माया का पर्दा,
पड़ा है इसे हटा दे तू,
मुझको नजर तू आने लगे,
मुझको नजर तू आने लगे,
मेरे घर भी तू आने जाने लगे।।

स्वार्थ का संसार है मैया,
झूठी प्रीत लगाता है,
मैं तो बस इतना चाहूँ जो,
मेरा तुमसे नाता है,
नाता सोनू से निभाने लगे,
नाता सोनू से निभाने लगे,
मेरे घर भी तू आने जाने लगे।।

मुझको मैया समझ ना आये,
कौन सा ऐसा करूँ उपाय,
मुझको तू बेटा बुलाने लगे,
मुझको तू बेटा बुलाने लगे,
मेरे घर भी तू आने जाने लगे।।

Singer Shrinivas Sharma

Source: https://www.bharattemples.com/mujhko-maiya-samajh-na-aaye/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw